मंगल ग्रह का भस्मासुर ज्वर

मार्टिन गार्डनर

सभी चित्र - आमोद कारखानिस



1

इस बार पढ़िए मंगल ग्रह पर फैले संक्रामक बुखार का किस्सा

भाग-1

मंगल ग्रह पर स्थित पृथ्वी-वासियों की पहली रिहायशी कॉलोनी में अचानक ही एक नया संक्रामक रोग फैल गया था - भस्मासुर फ्लू ज्वर। इसका कारण था मंगल ग्रह पर पाया जाने वाला एक नया जीवाणु।

किसी व्यक्ति को यह रोग हुआ है कि नहीं पता लगाने का कोई तरीका नहीं था - कुछ हफ्तों बाद ही रोग के लक्षण नज़र आते थे। यह फ्लू अत्यंत संक्रामक था - परन्तु सीधा सम्पर्क से ही फैलता था। यह एक इंसान द्वारा दूसरे इंसान को छूने से फैल सकता है; या फिर कोई इंसान किसी वस्तु को छू ले और फिर उसी वस्तु को कोई और छू ले तो भी फैल सकता है। इसलिए मंगल ग्रह के वासी बहुत सावधानी बरत रहे हैं कि वे न तो एक-दूसरे को छुएं, और न ही ऐसी किसी वस्तु को जो संक्रमित हो चुकी है।

इस कॉलोनी की निदेशक सुश्री रोशनाई एक रॉकेट विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गई। इस वजह से उनके तीन ऑपरेशन करने की ज़रूरत है। पहला ऑपरेशन डॉक्टर अल्फा-अल्फा करेंगे, दूसरा डॉक्टर बीटा-बीटा और तीसरा ऑपरेशन डॉक्टर गैमा-गैमा। हो सकता है कि इन तीनों में से किसी को भस्मासुर फ्लू ज्वर हो, या फिर मिस रोशनाई को।

पहला ऑपरेशन शुरू होने से कुछ समय पहले अचानक पता चला कि इस कॉलोनी के अस्पताल में कुल मिलाकर दो जोड़ी स्टरलाइज़ड् ग्लोव बचे हैं। और जीवाणुरहित दस्ताने तुरंत कहीं से मिल भी नहीं सकते और इतना समय भी नहीं है कि एक ऑपरेशन करके दूसरे ऑपरेशन से पहले दस्तानों

ज़रा सिर खुजलाइए

को फिर से जीवाणुरहित बनाया जा सके। इतना ही नहीं हरेक डॉक्टर/सर्जन को ऑपरेशन करते वक्त दोनों हाथों को इस्तेमाल करना पड़ेगा।

"मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि इस स्थिति में हम किसी-न-किसी एक को संक्रमित होने से कैसे बचा सकते हैं?" डॉक्टर अल्फा-अल्फा ने डॉक्टर गैमा-गैमा से कहा, "ऑपरेशन करते वक्त जब मैं दस्ताने पहनूंगा तो मेरे हाथ उन्हें अंदर से संक्रमित कर देंगे और मिस रोशनाई का शरीर उन्हें बाहर से। दस्तानों का जो जोड़ा डॉक्टर बीटा-बीटा पहनेंगे उनके साथ भी वैसा ही होगा। इसलिए जब आपकी बारी आएगी तो आपको दोनों तरफ से संक्रमित दस्ताने पहनने पड़ेंगे।

डॉक्टर गैमा-गैमा ने कुछ क्षण विचार किया और कहा, "एक आसान तरीका है जिससे हम में से किसी भी डॉक्टर को संक्रमण होने की कोई संभावना नहीं रहेगी।"

- क्या तरीका सुझाया होगा डॉक्टर गैमा-गैमा ने?

भाग 2 देखिए पृष्ठ 13 पर